तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 10 मई 2025



12 मिस्टर एमसीआई बने हरमन, निखिल को मिस्टर ईव का मिला खिताब





12 डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम




### हवाई हमले का इनपुट मिलने के बाद पुलिस भी चौकस

# संदिग्धों पर नजर, लगातार चल रहा चेकिंग अभियान

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ की जाएगी ठोस कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पाक की ओर से हवाई हमले का इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। अब पुलिस की ओर से सभी सार्वजनिक स्थलों के साथ बाहर से आने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। खासकर वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है।

- लोगों को भी अलर्ट रहने के लिए किया प्रोत्साहित

एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि सुरक्षा को मध्यनजर लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं, टैक्सी स्टैंड, सरांय , मॉल, बाज़ारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर पूछताछ की जा रही है। आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है । एसपी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि उनके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल-112 पर दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाता है, आमजन में डर पैदा करता है या भड़काऊ ब्यान देता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आमजन से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी असहज स्थिति में तुरंत डायल-112 पर संपर्क करें।



अंबाला। संदिग्धों के सामान की तलाशी लेते पुलिस के जवान।

### थाना प्रबंधकों को निर्देश

एसपी अजीत शेखावत ने सभी प्रबंधक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त करें। सभी एजेंसियों को भी सूचनाएं एकत्रित कर उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में एक काबू, रिमांड पर लिया

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी अफताब अली को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। कच्चा बाजार के तरूण ने 9 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जुलाई 2024 से 21 अक्तूबर 2024 के दौरान आरोपी अजय कुमार व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे 14 लाख 10 हजार रूपये की रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रोष प्रदर्शन कर आशा वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन




**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला सीएमओ कार्यालय पर मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने रोष प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य निदेशक के नाम लिखित मांग पत्र और हड़ताल नोटिस सीएमओ पानीपत के माध्यम से भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य महासचिव सुनीता, सीटू, आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी की कार्यकारी प्रधान बंटी, जिला सचिव सुशीला, सुमन, उप प्रधान मनजीत, सीमा शर्मा आदि ने किया। राज्य महासचिव सुनीता ने कहा कि हरियाणा में देश की जनता की सेवा करने वाली आशा वर्कर्स का भाजपा नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार लगातार आर्थिक शोषण कर रही है।

## चलती बस से गिरा ड्राइवर, उपचार के दौरान मौत

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद में चलती बस से उसका ड्राइवर नीचे गिर गया। ड्राइवर के नीचे गिरते ही बस उसके ऊपर से निकल गई। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ड्राइवर के साथ बैठे उसके मौसी के बेटे ने बस को रोककर एक्सीडेंट होने से बचाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

महाराष्ट्र के जिला अकोला के शेख इमरान खान के मुताबिक, वह व्हीकल बनाने वाली कंपनी में ड्राइवर है। उसका मौसी का बेटा शबीर खान भी उसके साथ ही काम करता था। वे दोनों कंपनी की बॉडी बगैर वाली बसें हैदराबाद से लेकर जयपुर और लुधियाना छोड़ने के लिए चले थे। बस को शबीर खान चला रहा था और वह उसके साइड में बैठा था। वीरवार दोपहर बस का संतुलन बिगड़ने से शबीर खान नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही बस उसके ऊपर से निकल गई।

# दो बाइक आमने-सामने भिड़ीं, दो युवकों की मौत

- गांव चाहड़वाला के पास देर शाम हुआ हादसा
- हादसे में दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव चाहड़वाला के पास देर शाम बाइकों की आमने सामने की भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक देर शाम अपने-अपने काम से बाइकों पर घर लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार गांव ढलौर निवासी 22 वर्षीय निखिल ने आईटीआई की पढ़ाई पूरी की थी। निखिल यमुनानगर की इस्जैक कंपनी में अप्रेंटिस के रूप में कार्य करता था। वह देर शाम इस्जैक से छुट्टी कर अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह गांव चाहड़वाला के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की टक्कर सामने से तेज गति से बाइक लेकर आ रहे गांव शेरपुर सुलखनी निवासी 24 वर्षीय राहुल की बाइक के साथ हो गई। राहुल कार मैकेनिक का काम करता था। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में निखिल व राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों को जगाधरी के सिविल अस्तपाल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक युवकों के परिजनों को दी। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# झोपड़ी में आग लगने से महिला की मौत, पति झुलसा

- शहजादपुर अनाजमंडी के पीछे बनी झोपड़ी में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शुक्रवार की सुबह शहजादपुर अनाजमंडी के पीछे बनी एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक महिला की मौत हो गई। आगजनी में महिला का पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी शहजादपुर में लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे अम्बाला शहर सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि अनाज मंडी के पीछे बनाई गई एक झोंपड़ी में बिहार निवासी 62 वर्षीय दुखारी तथा उसकी पत्नी 60 वर्षीय राधा देवी रहते थे। जो कि मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। सुबह अचानक उनकी झोंपड़ी में आग लग गई । आग इतनी भयंकर थी कि राधा देवी की इस आग में झुलसने से मौत हो गई। उसका पति दुखारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौका पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिन्होंने दुखारी को उपचार के लिए सीएचसी में पहुंचाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू

**पानीपत।** पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन शुरू किए गए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 रखी गई है। डीसी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 5 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिनकी बहादुरी, खेल, विज्ञान, समाज सेवा, कला-संस्कृति या पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हैं, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

चयनित बच्चों को जनवरी 2026 में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार में मैडल और प्रशस्ति पत्र शामिल हैं। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### जंग ए हालत को देखते हुए आईएमए की पहल

# 25 डॉक्टरों की आपातकालीन टीम बनाई

- स्वेच्छा से जुड़े डॉक्टर बोले कि यह हमारा राष्ट्र धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश में बन रही संभावित युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) करनाल शाखा ने एक विशेष मेडिकल टीम का गठन किया है।

यह पहल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर की गई है। टीम में करनाल जिले के विभिन्न चिकित्सा विभागों से लगभग 25 विशेषज्ञ डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में 24x7 निःशुल्क सेवाएं देने के लिए तैयार रहेंगे। करनाल के अध्यक्ष डॉ. दीपक प्रकाश ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान जैसे डॉक्टरों ने सेवा भावना से कार्य किया था, उसी भावना के साथ अब भी आईएमए की यह टीम देश और समाज की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है। सचिव डॉ. गौरव भास्कर ने बताया कि अब तक करीब 25 डॉक्टरों ने इस टीम में स्वेच्छा से शामिल होने की इच्छा जताई है। इन सभी का चयन अलग-अलग विशेषज्ञ विभागों को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की चिकित्सा ज़रूरत को तुरंत पूरा किया जा सके।

### ग्रुप बी चेस में लड़कियों में लोटस सदन प्रथम

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल की मीडिया प्रभारी डॉ. रंजना शर्मा ने बताया कि इस विशेष टीम की सूची जिला सिविल सर्जन और उपायुक्त को सौंप दी गई है। इसका उद्देश्य संभावित संकट की स्थिति में आम जनता को तेज, संगठित और भरोसेमंद चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल की यह पहल जिले में एक सकारात्मक और सतर्क कदम है, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। करनाल हर प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।




## खबर संक्षेप



### महाराणा प्रताप को जयंती पर किया नमन

**रादौर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शुक्रवार को भाजपा द्वारा रादौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल सचिव घनश्याम सैनी फतेहगढ़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। जिन्होंने दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे। महाराणा प्रताप को बचपन में कीका के नाम से पुकारा जाता था। महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। मेवाड़ की शौर्य भूमि धन्य है जहां वीरता और दृढ़ प्रण वाले प्रताप का जन्म हुआ। 1576 के हल्दीघाटी युद्ध में करीब बीस हजार राजपूतों को साथ लेकर महाराणा प्रताप ने मुगल सरदार राजा मानसिंह के अस्सी हजार की सेना का सामना किया। शत्रु सेना से घिर चुके महाराणा प्रताप को शक्ति सिंह ने बचाया। एक दिन चला परंतु इसमें सत्रह हजार लोग मारे गए। मेवाड़ को जीतने के लिए अकबर ने भी सभी प्रयास किए। महाराणा प्रताप ने भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया था। कई वर्षों तक मुगल सम्राट अकबर के साथ संघर्ष किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सतीश सैनी खुर्दबन, गोपाल, पवन कश्यप, शिवम सैनी, कृष्ण कुमार, काका कश्यप, विक्रम सैनी व गुरनाम सिंह आदि मौजूद थे।

### जिले में थम नहीं रहा अपराधों का सिलसिला

# लुटेरी महिला: महिलाओं से जडौदा में ठगे लाखों रुपये, सोने व चांदी के गहने

**फेरी वाली महिला ने महिलाओं को नए आभूषण बनाने का झांसा देकर लिए गहने व नकदी, घर जाने की बात कहकर निकली तो वापस नहीं लौटी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गाधरी के गुलाबनगर चौक के पास गांव जडौदा में एक अज्ञात महिला ने दो-तीन महिलाओं से नये आभूषण बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण ठग लिए। महिला जब जेवर लेकर वापस नहीं लौटी तो महिलाओं ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात महिला की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव जडौदा निवासी सुनैना व रोशनी ने बताया कि उनके गांव में एक फेरी लगाने वाली महिला आई। उन्होंने महिला पर विश्वास करके उसे घर में आने दिया। इसके बाद महिला ने बताया कि वह पुराने बर्तन बदलकर नये बर्तन देने का काम करती है। सुनैना ने बताया कि इस दौरान उसने आरोपी महिला पर विश्वास करके उसे घर में रखे दो पुराने बर्तन दे दिए। आरोपी महिला अगले दिन पुराने बर्तनों के बदले नये बर्तन लेकर आ गई।

जिस पर उसे विश्वास हो गया। इसके बाद आरोपी महिला ने कहा कि वह पुराने जेवर के बदले उन्हें नये जेवर दे सकती है। इस दौरान महिला ने उसे सम्मोहन कर दिया। उसने अपना मंगलसूत्र, कानों की बालियां, पाजेब व अन्य आभूषण उतारकर आरोपी को दे दिए। आरोपी महिला ने उसे शाम को ही उसके जेवर वापस करने की बात कही। मगर आरोपी महिला इसके बाद वापस नहीं लौटी। उन्होंने महिला की तलाश की तो उसका कुछ भी पता नहीं चला। शिकायत मिलने के बाद पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले में महिला की तलाश शुरू कर दी। फिलहाह कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### पिस्तौल व दो जिंदा राउंड के साथ युवक काबू

यमुनानगर। सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव औरंगाबाद के पास हाइवे से एक युवक को देसी पिस्तौल व दो जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक गांव औरंगाबाद के पास हाइवे पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपी की पहचान केतन उर्फ गगलू के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 25 लाख की अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर काबू

- झारखंड के चतरा जिले के रहने वाले हैं जितेंद्र यादव व चंदन कुमार, सात दिन के रिमांड पर
- औरंगाबाद के पास गुप्त सूचना पर कार के साथ किया गिरफ्तार।

**यमुनानगर।** हरियाणा एनसीबी अंबाला यूनिट और यमुनानगर सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गांव औरंगाबाद के पास से अंतराज्यीय नशा तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को पांच किलो 80 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद अफीम की कीमत बाजार में करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें सात दिन के रिमांड पर लिया गया है।

एनसीबी अंबाला यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि यूनिट के सहायक उप निरिक्षक विजय अपनी टीम के साथ थाना सदर यमुनानगर के एरिया मे सहारनपुर पंचकुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव औरंगाबाद मे हाइवे पुल के नीचे मौजूद था। इस दौरान उसे गुप्त सूचना मिली कि दो अंतरराज्यीय नशा तस्कर अपनी कार मे भारी मात्रा मे अवैध नशीले पदार्थ लेकर सहारनपुर की तरफ से पंचकुला की तरफ तस्करी करने जा रहे है। सूचना मिलते ही टीम ने हाइवे पुल के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

इस दौरान पुलिस टीम को झारखंड नंबर की एक कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमे से पांच किलो 80 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये है। पुलिस टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान झारखंड के जिला चतरा निवासी जितेंद्र यादव और चंदन कुमार के रूप मे हुई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह के सदस्य है।



## नाले का निर्माण कार्य अधर में पड़ा होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की रंजीत कॉलोनी (कैंप) में पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे नाला का निर्माण कार्य अधर में पड़ा होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों ने नाला का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाए जाने की मांग की है।

रंजीत कॉलोनी निवासी तिलक राज, अमित चावला, विजय कुमार व दीपक मलिक आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी में विश्वकर्मा चौक से लेकर जोड़ियां गुरुद्वारा तक सड़क के दोनों तरफ गंदा पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण शुरु किया गया था। मगर कुछ दिन के बाद नाला का निर्माण कार्य अधर में छोड़ दिया गया। नाला का निर्माण कार्य अधर में पड़ा होने से क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नाला का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि अधर पड़े निर्माण कार्य के होने से नाला में गंदा पानी भरा रहने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि यदि बारिश से पहले नाला का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो क्षेत्र में गंदा पानी सड़क पर भरने से परेशानी का कारण बन सकता है। पार्षद श्यामलाल शर्मा और नगर निगम प्रशासन से नाला का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाए जाने की मांग की।

### निगम कर्मी का कार्ड बदल खाते से निकाले साढ़े 31 हजार

**यमुनानगर।** दिल्ली नगर निगम कर्मी गांव दामला निवासी मनीष कुमार का डेबिट कार्ड बदलकर दो युवकों ने खाते से साढ़े 31 हजार रुपये निकाल लिए। मनीष कुमार ने बताया कि वह दिल्ली नगर निगम में नौकरी करता है। छह मई की शाम साढ़े पांच बजे वह रादौर रोड कैंप के पास लगे एचडीएफसी के एटीएम से रुपये निकाल रहा था। वहां दो युवक भी खड़े थे। एटीएम से रुपये नहीं निकले। जिनमें से एक ने मदद के बहाने डेबिट कार्ड लिया और रुपये निकालने लगा लेकिन रुपये नहीं निकले। जिसके बाद वहां से निकलकर घर आ गया। लगभग 20 मिनट बाद खाते से 31 हजार 500 रुपये निकलने के दो मैसेज आए। डेबिट कार्ड की जांच की तो वह बदला हुआ था। गांधीनगर थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## होली मदर स्कूल में बताया मां का महत्व

- बच्चों ने कविता, भाषण और पोस्टर से व्यक्त की भावना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने कविता, भाषण व पोस्टर मेकिंग आदि समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेकर मां की ममता के महत्व को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। छोटे छोटे बच्चों ने अपनी मासूमियत और प्यारी अदा के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। उनके नृत्य ने सभी का दिल छू लिया। बच्चों ने न सिर्फ अपनी नृत्य कला दिखाई, बल्कि उन्होंने अपने हाथों से पोस्टर मेकिंग करके मां की ममता और भावनाओं का सुंदर चित्रण किया। इसके अलावा बच्चों ने कटपेस्ट, ड्राईंग एक्टिविटी में भी भाग लिया। जिसमें उन्होंने अपनी क्रिएटिविटी को दिखाया और मां के लिए बनाई गई अद्भुत कलाकृतियां प्रदर्शित की। वहीं, कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के छात्रों ने भी इस दिन को खास बनाने के लिए अपनी कला और शब्दों का शानदार प्रदर्शन किया। इन कक्षाओं के बच्चों ने माताओं के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाए। जिनमें उनकी मां के प्रति प्रेम और आभार को खूबसूरती से व्यक्त किया गया। इसके अलावा बच्चों ने मौके पर कविता पाठ का आयोजन कर अपनी माताओं को समर्पित कविताओं का सुंदर और भावपूर्ण पाठ किया। जबकि कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से मां का महत्व, मां की ममता और मां के त्याग जैसे विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए। प्रधानाचार्या मोनिका ने विद्यार्थियों को समझाया कि माताओं की ममता, त्याग और प्यार की सराहना करते हुए कहा कि मदरर्स डे केवल एक दिन मनाने का नहीं है। बल्कि हर दिन मां का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि हमें अपनी मां के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और जीवन में हर पल उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें सच्चाई और अच्छाई की ओर मार्गदर्शन करता है। स्कूल के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली शिक्षक होती है। उनका प्यार, त्याग और मार्गदर्शन हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति देता है। मदर्स डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन हमें अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करना चाहिए। आज बच्चों ने जो प्रस्तुतियां दीं। वह यह साबित करती हैं कि आने वाली पीढ़ियां भी मां के महत्व को समझती हैं और उन्हें आदर देती हैं।




यमुनानगर। होली मदर स्कूल में मां की ममता बने पोस्टर दिखाते बच्चे और न्यू हैप्पी स्कूल में प्रस्तुति देते बच्चे।

### न्यू हैप्पी स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छठी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के बच्चों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां देकर मां के प्यार को जगजाहिर किया। कार्यक्रम का संचालन निहारिका व वैष्णवी ने किया।स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने सभी बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मां की महिमा संसार में अपरंपार है। एकमात्र मां ही है जो हर हालत में अपनी परवाह किए बिना बच्चों की देखरेख करती है। ऐसे में सभी बच्चों का भी कर्तव्य बनता है कि वे अपने माता पिता को कभी कोई तकलीफ न दें। बच्चों को अपने माता.पिताए दादा.दादी व गुरूजनों का सम्मान करने तथा उनका आज्ञाकारी बनने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छठी से दसवीं कक्षा तक के बच्चों ने बहुत ही मार्मिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधे रखा। बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। लड़कियों को समाज में आने वाली समस्याओं पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत कर बहुत अच्छा संदेश दिया। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने सभी बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को सराहा। सभी को मातृ दिवस की बधाई देते हुए बच्चों से अपने माता पिता को भरपूर प्यार देने तथा उनके प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

### बच्चों ने प्रस्तुतियों से मां के प्रति प्रकट की भावना

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने माताओं के निस्वार्थ प्रेम, देखभाल और बलिदान को समर्पित प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने अपनी माताओं के लिए प्रेम और भावनाओं से भरे सुंदर कार्ड बनाए। कक्षा 3 और 4 के छात्रों ने सुपर मॉम के लिए बैज बनाए, जो सम्मान और प्यार का प्रतीक बने। कक्षा 5 से 7 के विद्यार्थियों ने कागज से बने सुंदर फूलों का गुलदस्ता या ताज नाकर अपनी माताओं के लिए अपने हाथों से उपहार तैयार किया। प्राचार्या तोशल ने कहा कि मां के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। जीवन में मां के महत्व को कभी भूलाया नहीं जा सकता।



## डीएवी की खुशी व जीएनजी की निष्ठा विजेता

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में पॉवर प्वाइंट और डेक्लामेशन प्रतियोगिता आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंर्ड चंडीगढ के संयुक्त तत्वावधान में डेक्लामेशन व पावर प्वाइंट कंपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न कालेजों से आई 20 छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व आईआईसी कनवीनर विवेक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

हिंदू गर्ल्स कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग अध्यक्ष डॉ. सोनिया शर्मा व राजकीय महाविद्यालय छछरौली के रसायन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मीनू रानी ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की।

डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि टेक्नोलॉजी के बिना हम चेंज नहीं हो सकते। टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करके हम भविष्य में कारगर हो सकते हैं। कैंसर के इलाज के लिए नैनो टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बायो साइंस विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता कौशिक, गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष पारूल, रसायन विभाग इंचार्ज हर्ष शर्मा, फिजिक्स विभाग इंचार्ज डॉ. मनमीत कौर ने सहयोग दिया।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करती प्राचार्या व अन्य।

#### ये रहा परिणाम

पीपीटी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की खुशी ने पहला स्थान अर्जित किया। जीएनजी कॉलेज की वंशिका ने द्वितीय, हिंदू गर्ल्स कॉलेज की सिमरन ने तीसरा स्थान अर्जित किया। डेक्लामेशन प्रतियोगिता में जीएनजी की निष्ठा ने पहला, डीएवी गर्ल्स कॉलेज के लाइफ साइंस विभाग द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रेरणा ने दूसरा तथा बीसीए द्वितीय वर्ष क ओजस्वी ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

### सभी बच्चों को नि:स्वार्थ स्नेह देती है मां : कुंवर सिंह

**रादौर।** मून स्टार प्री स्कूल रादौर में शुक्रवार को मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए बहुत ही सुंदर-सुंदर कार्ड भी बनाए। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्याध्यापिका रसमीन कौर व कोर्डिनेटर रितु देवी ने बच्चों को मां की महिमा के बारे में बताया। नेहा, सिमरन, सोनिया, नीतू, अनु, शिवानी, निशा, दीपिका, रानीए गीता, मीनू, सचिन व कृष्ण मौजूद रहे। लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में भी कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर कार्ड बनाकर उस पर छायाचित्र लगाकर अपनी माँ के प्रति अपना आभार और स्नेह प्रकट किया। प्राचार्य कुंवर सिंह शास्त्री ने सभी विद्यार्थियों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। एक माँ बिना किसी अपेक्षा के अपना संपूर्ण जीवन हमारे भरण-पोषण में लगा देती है। वह अपने बच्चों को निस्वार्थ भाव से स्नेह देती है। वह हमारी प्रथम गुरु व मार्गदर्शक होती है। माँ का त्याग व स्नेह हमें जीवन की हर कठिनाई से लड़ने की शक्ति देता है। उनकी ममता व देखभाल हमारे जीवन को सुरक्षित और सुखी बनाते हैं।






### जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी मेला

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को तकनीकी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के 971 छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में आर्मर एरिना, प्रोजेक्ट पैनोरमा, मिस्टर मैक, सर्किट गेसिंग, टर्बो क्लैश, टेक टॉक्स सहित 19 प्रतियोगिताएं हुई। जिनका मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धी भावनाओं के संचार के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवीनीकरण को लाना रहा। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि हम एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए इनोवेशन पर जोर दे रहे हैं। टेक्नोलॉजी के इस दौर में मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। हम इस उद्योग में इनोवेशन का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हैं। हम लगातार बदलाव की कोशिश में हैं। संस्थान के छात्रों को हमेशा यही सिखाया जाता है कैसे साथ मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल कल सुनिश्चित करते हुए स्थायी प्रगति को चलाने के लिए प्रौद्योगिकी की क्षमता को अनलॉक करें।

## गर्मी के मौसम में श्वांस, दमा, एलर्जी के रोगी खानपान का रखें ध्यान: भाटिया

- आस्था सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान में सांस, दमा व एलर्जी से पीड़ति मरीजों को जागरुक करने के लिए सिपला कंपनी द्वारा शुक्रवार को गांव मुसिंबल के आस्था सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 150 दमा, सांस व एलर्जी से पीड़ति मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ सिपला कंपनी के प्रतिनिधि दीपक भाटिया ने किया।

शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा दमा, सांस व एलर्जी से पीड़ति मरीजों की जांच की। इस दौरान उन्होंने मरीजों को गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान में खानपान में ऐहतियात बरतने के लिए सलाह दी। मौके पर चिकित्सकों ने चिकित्सकों व कंपनी के प्रतिनिधि दीपक भाटिया ने ग्रामीणों को समझाया कि गर्मी के मौसम में दमा, सांस व एलर्जी के लोगों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए। यदि जरुरी है तो छाता लेकर घर से बाहर निकलें। तली भूनी चीजें खाने से परहेज रखें। एलर्जी की समस्या होने पर स्वास्थ्य की जांच करवाएं। उन्होंने मौके पर दमा, सांस व एलर्जी से पीड़ति पाए गए मरीजों को उससे बचाव के उपाय बताए। लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सकों द्वारा जागरुक भी किया गया। ग्रामीणों ने शिविर के लिए आयोजनकों का आभार जताया।



### पालेवाला गांव में ग्रामीणों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**यमुनानगर।** रादौर खंड के पालेवाला में विभागीय अधिकारियों की संयुक्त फील्ड विजिट कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। लैब केमिस्ट नीरज मेहता की अगुवाई में जल घर के डोजर का निरीक्षण किया गया जो सही पाया गया। जलघर एवं अनेकों घरों में पानी में क्लोरिनेशन चेक की गई जो सही पाई गई। जिला सलाहकार रजनी गोयल जल संरक्षण व गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर जेई पवन कुमार, लैब असिस्टेंट सुखविंदर सिंह, आंगनवाड़ी वर्कर निर्मला, मंजू मौजूद रहे।

### सिटी विधायक ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

# सरकार सभी सुविधाएं देने को प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को उप नागरिक अस्पताल जगाधरी में निरोगी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 72 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा 72 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की। मौके पर लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सरकार जनता को सभी प्रकार की सुविधाऐं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। आवश्यकता अनुसार योजनाओं का आरंभ व संचालन करती है। जिससे की सभी को इनका लाभ प्राप्त हो सके। समाजसेवी संस्थाओं व कार्यकर्ताओं के साथ साथ रक्तदाताओं की भी प्रशंसा की। डॉ. अनुज मंगला ने बताया कि अस्पताल को दो नए माइक्रोस्कोप वहिस्टोपैथ लैब व एक एचबी वन एनसी हिस्टोपैथ लैब व एक एचबी वन एनसी जांच मशीन कैमिस्ट्री लैब के लिए प्राप्त हुई हैं। जिससे मरीजों को लाभ मिलेगा।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रादौर**

**बोली सूचना**

सभी आम व खास को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत खेडकी ब्राहमण द्वारा पंचायती भूमि खसरा नं० 19//7/3 में 10 में खड़े 13 पेड़ सफेदा और 5 सूखे पेड़ों की नीलामी की जानी है, जिनकी कीमत 22673/-रू० निर्धारित किया गया है। उक्त पेडों की नीलामी जिला विकास एंव पंचायत अधिकारी, यमुनानगर तथा खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रादौर की हाजरी में खुली बोली हेतु दिनांकः 16.05.2025 सुबह 11:00 बजे तय की गई है। पेड़ों की नीलामी शुरू होने से पहले प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को सिक्योरिटी के रूप में मूल्य 10000/- रूपये पंचायत में जमा करवाने होगें और सफल बोलीदाता को आधी राशि पहले जमा करवानी होगी। किसी भी स्थिति में बिना कारण बतायें बोली को रद्द करने का अधिकार प्रबंधक के पास सुरक्षित रहेगा। बोली की बाकी शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएगी !

सरपंच- कुलविन्द्र कौर | श्यामलाल-बीडीपीओ, रादौर

## खबर संक्षेप



### डीएलएसए ने चलाया जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एंटी टीसिंग पर जागरूकता अभियान चलाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा में यह जागरुकता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने के लिए जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी आदेशों तक स्थगित

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि 10 मई, 2025 को निर्धारित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को कुछ सीमावर्ती जिलों और अन्य संभावित रूप से प्रभावित राज्यों में सार्वजनिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था के संबंध में बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में स्थगित कर दिया गया है।

### पहलगाम हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**पिहोवा।** गांव सतोडा में स्थित शुक्र तीर्थ उष्णेश्वर महादेव मंदिर में महंत दीपक गिरी महाराज द्वारा पहलगाम हमले में मारे गए लोगों व शहीदों की याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमहंत बंसी पुरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके षडदर्शन साधु समाज के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

### कुवि ने घोषित किए 28 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 28 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमबीए प्रथम सेमेस्टर (यूएसएम) (सीबीसीएस) (रि-अपीयर), एलएलएम प्रथम सेमेस्टर, बीसीए प्रथम सेमेस्टर (नॉन-एनईपी), एम.ए. (अंग्रेजी) प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर), एम.ए. (अंग्रेजी) तीसरा सेमेस्टर, बीबीएएलएल.बी (ऑनर्स) तीसरा सेमेस्टर आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए।

## मॉक ड्रिल में हर नागरिक के सहयोग की जरूरत

# आज रात्रि 7:50 से 8 बजे तक ब्लैकआउट की होगी मॉक ड्रिल

**जिले में किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में मॉक ड्रिल, वास्तविक स्थिति और ब्लैक आउट के लिए हर नागरिक के सहयोग की जरूरत है। इस जिले में किसी भी आपदा से निपटने के लिए प्रशासन तैयारी कर रहा है। इस जिले में किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी नागरिकों के सहयोग के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर रहेगा। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने हर विभाग से स्ट्रीट लाइट, बिजली विभाग से जिले के फीडर व सब स्टेशन, जनस्वास्थ्य विभाग से पीने के पानी की व्यवस्था, फायर विभाग से फायर विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों की तैयारियों, जिला नगर आयुक्त,एनएचएआई के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों के बारे में रिपोर्ट ली और सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में आपदा को लेकर हर प्रकार के प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला नगर आयुक्त सुनिश्चित करेगा कि सभी स्ट्रीट लाइट आदेश मिलने के तुरंत बाद बंद किए जाए, केडीबी के अधिकारी ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर के साथ-साथ अधीनस्थ क्षेत्रों, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टर 10,2,30 व 17 में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था देखने, सभी जगहों पर सोलर लाइट बंद करने के निर्देश दिए है। सभी अधिकारी हैड क्वाटर मेंनटेन करेंगे, इस मामले में रत्ती भर भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तरफ से आपदा कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। इस कंट्रोल रूम में 01744-221035 दूरभाष पर किसी भी प्रकार की सहायता ले सकता है। इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, डीआरओ चेतना चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में शनिवार 10 मई को रात्रि 7:50 से लेकर 8 बजे तक ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस मॉक ड्रिल में जहां बिजली विभाग, नगर परिषद, नगर पालिका, एनएचएआई, पंचायत विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग सहित सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ लाइट को निर्धारित समय अवधि तक बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने नागरिकों के साथ-साथ वाहन चालकों से भी अपील की है कि 10 मई को रात्रि 7:50 से 8 बजे तक ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में अपना सहयोग देंगे।




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

### जिले मे लगभग 3 हजार बेड की व्यवस्था

जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के पर्याप्त प्रबंध किए गए है। इस जिले में 26 सरकारी और 15 प्राइवेट एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक एंबुलेंस में स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी की ड्यूटी लगा दी गई है। इस जिले में लगभग 3 हजार बेड की व्यवस्था की गई है। इसमें 542 सरकारी और 2414 प्राइवेट अस्पतालों में बेड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि दवाइयों और यंत्रों की भी पर्याप्त व्यवस्था है। इस जिले में आईएमए के सदस्यों के साथ मीटिंग कर ली गई है और सभी तालमेल के साथ किसी भी आपदा से निपटने के लिए तत्पर रहेंगे।

### जिला हेड क्वार्टर के साथ-साथ लाडवा पिहोवा और शाहाबाद में गाड़ियां तैनात

फायर ऑफिसर संदीप ने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के सभी प्रबंधों को पूरा कर लिया गया है। जिला में फायर विभाग के पास 20 गाड़ियां है, जिन्हें जिला हेड क्वार्टर के साथ-साथ लाडवा, पिहोवा और शाहाबाद में तैनात किया गया है। सभी 102 कर्मचारियों अधिकारियों का अवकाश रद्द कर दिया गया है। बिजली सप्लाई बंद होने की स्थिति से निपटने के लिए डीजल इंजन का प्रबंध किया जा चुका है। साथ ही गाड़ियों के लिए पेट्रोल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाया जा चुका है।

## भ्रष्ट कर्मचारी या तो रवैया सुधारें या फिर यहां से अपना तबादला करवा लें : जिंदल




कुरुक्षेत्र। नप थानेसर की बैठक मे भाग लेते सांसद नवीन जिंदल व पार्षद।

- नगर परिषद हाउस की बैठक में आवारा कुत्तों व बेसहारा गोवंश को पकड़ने का उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर नगर परिषद की हाउस की बैठक नगर परिषद में आयोजत की गई। बैठक में सांसद नवीन जिंदल, विधायक अशोक अरोड़ा, नगर परिषद की अध्यक्षा माफी ढांडा सहित पार्षद मौजूद रहे। बैठक में पार्षदों ने जनहित के मुद्दों को उठाया। बैठक में बेसहारा पशु, पानी निकासी व सड़कों से लेकर पार्कों तक के विकास के मुद्दे छाए रहे। बैठक में 23 विषयों पर चर्चा की गई। जिनमें नरेश कुमार द्वारा दी गई शिकायत पर विचार-विमर्श किया गया। जिसके उपरान्त दुकाननंबर 152 की रजिस्टरी को रद्द करने बारे व दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही करने बारे प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया गया। बैठक में बेसहारा पशुओं, कुत्तों व बन्दरों से शहर वासियों को हो रही परेशानी के मध्यनजर कार्यवाही करने बारे विचार विमर्श हुआ। सांसद जिंदल ने में पार्षदों से कहा कि अपने अपने वार्ड सेक्टरों में जगह तलाश करके बताएं। सांसद जिंदल ने कहा कि उन्होंने कहा कि भ्रष्ट कर्मचारी या तो अपना रवैया सुधार लें या फिर यहां से अपना तबादला करवा लें।

#### विधायक ने उठाए जनहित के अनेक मुद्दे

थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने आज नगर परिषद की बैठक मे शामिल होकर जनहित के अनेक मुद्दों को उठाया। स्थानीय निकाय चुनाव के पश्चात आयोजित इस बैठक मे अशोक अरोड़ा ने कहा कि कि हुडा के सेक्टरों मे बने हुए सामुदायिक केंद्रो की खस्ता हालत पर बोलते हुए कहा कि पहले इनकी मैंटेनेंस का कार्य प्राईवेट तौर पर दिया गया था लेकिन वह कार्य सिरे नही चढा लेकिन नगर परिषद को चाहिए कि वह इनकी मैंटेनेंस करवाए ताकि ये सामुदायिक केंद्र जनता के उपयोग मे आ सकें।

## योग दिवस जैसे वैश्विक आयोजन के लिए कुरुक्षेत्र प्रेरणादायक स्थानः आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा योग आयोग की टीम ने कुरुक्षेत्र के कई स्थानों का किया दौरा

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां के लिए कुरुक्षेत्र में कई स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की, ताकि राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य खेल मैदान एवं बहुउद्देशीय हॉल को लगभग 15 एकड़ के क्षेत्रफल तथा उपयुक्त सुविधाओं के कारण राज्य स्तरीय योग आयोजन के लिए प्रस्तावित स्थान माना गया। डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र अध्यात्म और संस्कृति की भूमि है। योग दिवस जैसे वैश्विक आयोजन के लिए एक अत्यंत प्रतीकात्मक और प्रेरणादायक स्थान है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस भव्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। निरीक्षण के पश्चात एक प्राथमिक रिपोर्ट संबंधित विभागों को सौंप दी जाएगी। अंतिम निरीक्षण चरण आगामी दिनों में किया जाएगा। हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के सहयोग से इस आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने की दिशा में कार्य किया।



### होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर महिला चीफ वार्डन के कार्यलय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने की। कहा कि जिन कर्मचारियों को पहले से वर्दी भत्ता मिल रहा था उन सभी कर्मचारियों को वर्दी भत्ता दिया जाए। जिन कर्मचारियों का वेतन कम किया गया है। उन सभी कर्मचारियों का वेतन उतना ही दिया जाए, जो पहले मिलता था। मैस कर्मचारियों का 89 दिन के नाम पर शोषण बंद किया जाए।

## बच्चों का भविष्य निर्धारित करने में मां की अहम भूमिका होती : डॉ. घुम्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- सतलुज स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्या डॉ. आरएस घुम्मन ने अपने संबोधन से की। उन्होंने कहा कि माँ ही बच्चों की भाग्य की निर्माता है। उनकी पहली शिक्षक मां ही होती है और बच्चों का भविष्य निर्धारित करने में उसकी अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मां विषय पर नाटक, गायन, भाषण और कविताएं आदि प्रस्तुत की गईं। यह रंगारंग कार्यक्रम लिली हॉउस की इंचार्ज दिनेश कुमारी की देखरेख में हुआ। मंच का संचालन 12वीं विज्ञान की छात्रा नीतिका द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से पांचवीं के विद्याथीर्यों ने भिन्न भिन्न प्रकार की गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी माता के लिए मनमोहक ग्रीटिंग काड्र्स बनाए तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीसरी में मंसीरत, भूमिका प्रथम राघव, रितिका, पालकी द्वितीया नक्ष, यशिका तृतीया प्रीत, अव्या को सांत्वना पुरस्कार पाया।




## कुरुक्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी मुख्यालय पर रहेंगे उपस्थितः डीसी

- अधिकारियों व कर्मचारियों की आकस्मिक,अर्जित व बालक देखभाल की सभी छुट्टियां की रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहना होगा। इसके साथ ही सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल को 24 घंटे ऑन रखेंगे। अहम पहलू यह है कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश को भी तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि मुख्य सचिव हरियाणा के आदेशों की अनुपालना में जिला कुरुक्षेत्र में स्थित सभी कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हिदायत दी जाती है कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अवकाश स्वीकृत करवाने से पूर्व कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेंगे और सभी अधिकारी, कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश व बालक देख रेख अवकाश आदि अवकाश पर गए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का अवकाश तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाता है।यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी उपरोक्त आदेशो की पालना नहीं करता और लापरवाही बरतता है तो उसके विरूद्घ हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट



**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में लगभग 18 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव खेडी मारकंडा में 18 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस के साथ डीटीपी की टीम ने कार्रवाई की ।

## भगवान दत्तात्रेय की कृपा से हो रही श्रद्धालुओं की मुराद पूरी : कटारिया

- कटारिया ने थानेसर स्थित प्राचीन भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजा आरती कर की सुख समृद्धि की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रहे सूरज भान कटारिया ने प्राचीन भगवान दत्तात्रेय थानेसर स्थित मंदिर में श्रीमद भगवान दत्तात्रेय महाराज जी की अमृत कथा महोत्सव के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में कथा वाचक स्वामी शंकरानन्द महाराज से आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व आज मातृ शक्ति ने नगर ने कलश यात्रा करके इस अमृत कथा की पवित्रता बंधन को निभाया, जिसमे मुख्य रूप से स्वामी हरिनारायण गिरी, आचार्य रविशंकर शर्मा, स्वामी रवि जी, पंडित श्री राम शर्मा के साथ सामाजिक संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल शामिल रहे। कटारिया ने कहा की भगवान दत्तात्रेय की असीम कृपा से ही अमृत कथा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की मुराद पूरी हो रही हैं।




कुरुक्षेत्र। दत्तात्रेय मंदिर में आयोजित अमृत कथा में पहुंचे मुख्य अतिथि सूरज भान कटारिया एवं अन्य।

### लिटल मिलेनियम मातृ-सम्मान समारोह आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** लिटल मिलेनियम स्कूल 7बी में मदर्स डे के अवसर पर एक भावपूर्ण और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास दिन पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माँ के लिए हाथों से सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए और उन्हें प्यार भरे शब्दों के साथ समर्पित किए। यह दृश्य सभी के लिए अत्यंत भावुक और यादगार बन गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की शिक्षिका भावना द्वारा सभी अभिभावक गण के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। इसके बाद सिमरन ने मंच संभालते हुए पूरे आयोजन का कुशलतापूर्वक संचालन किया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता बनी रही। माताओं के लिए विशेष गेम्स और



### राजेश सैनी ने प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला

**थानेसर।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी में नव नियुक्त प्राचार्य राजेश सैनी ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं डाइट पलवल के प्राचार्य रोहतास वर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजपाल सैनी, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक, बीईओ ज्ञान सैनी, प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, अध्यापक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर दास, अतुल कुमार शर्मा, प्राचार्य रमेश सैनी, प्राचार्य बंसीलाल, अली शेर, सुभाष चंद, राइजल सैनी, प्रमोद बंसल, सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल तथा डाइट पलवल के प्राचार्य रोहतास वर्मा ने अपने उद्बोधन में राजेश सैनी को नवीन जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा, /"एक प्राचार्य विद्यालय का मुखिया ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत होता है। राजेश सैनी ने सभी आए हुए अतिथियों जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल व डाइट प्राचार्य कुरुक्षेत्र रोहतास वर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत सिंह मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल सैनी ध्यांगला, खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री बीर सिंह राणा, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानचंद सैनी, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉक्टर तरसेम कौशिक, रमेश कुमार सैनी, शाहबाद से लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री, डॉ अशोक शर्मा, फतेहाबाद से बंसीलाल, एसीपी प्रदीप कुमार, डीपीई भगवान दास वर्मा, अतुल कुमार शास्त्री आदि अतिथियों का धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योगोत्सव कार्यक्रम में एक हजार साधकों ने किया योग

## योग हमारी सभ्यता की अमूल्य धरोहर सभी को अपनाना चाहिएः माफी ढांडा

**कार्यक्रम में 15 से अधिक योग संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

धर्म, सेवा और योग की पावन भूमि कुरुक्षेत्र से आज श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने पूरे विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का संदेश दिया। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर तीर्थ के पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित 43वें काउंटडाउन योगोत्सव कार्यक्रम में एक हजार से अधिक साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर भारत की सांस्कृतिक और आयुष परंपरा को जीवित किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 बजे कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के नेतृत्व में हुई। मुख्य मंच पर नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा, पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य देवेंद्र खुराना समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 15 से अधिक योग संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. शीतल सिंगला के निर्देशन में योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया, जबकि संचालन की जिम्मेदारी सहायक कुलसचिव अतुल गोयल ने निभाई। इस अवसर पर नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने की भारतीय कला है,जिसे पूरी दुनिया अपनाने लगी है। यह हमारी सभ्यता की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं व युवाओं से योग अपनाने की अपील की। नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे प्रतिदिन योग करती हैं, जिससे उन्हें मानसिक शांति और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि ₹योग अब एक विकल्प नहीं,जीवनशैली बनना चाहिए। कुलपति प्रो. धीमान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ₹यह वही पावन भूमि है जहां श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। आज उसी भूमि से हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को शांति और स्वास्थ्य का संदेश दे रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत की शक्तिशाली और आत्मनिर्भर संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, हरियाणा योग आयोग के मेंबर मनीष कुकरेजा, विद्या भारती से अशोक रोशा,भारती योग संस्थान से ओमप्रकाश व गुलशन ग्रोवर, पतंजलि महिला समिति से डॉ. निरुपमा भट्टी, योग भारती से जगतार सिंह,रणजीत, जयराम, ऋषिपाल मथाना, एमके मुदगिल, गुरुकुल से आचार्य दीपक व संजय, शिक्षा विभाग से हरीश कुमार व जसबीर सिंह, भारत विकास परिषद से विजयंत बिंदल, आर्ट ऑफ लिविंग से अक्षय समेत अन्य मौजूद रहे।



#### इन संस्थाओं का रहा सहयोग

इस सफल आयोजन में हरियाणा योग आयोग,जिला आयुष विभाग, जिला शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भारत विकास परिषद, विद्या भारती, भारतीय योग संस्थान, योग भारती, आर्ट ऑफ लिविंग,पतंजलि योग समिति, स्वदेशी जागरण मंच, आरोग्य भारती, जयराम गुरुकुल, गीता निकेतन, श्रीमद भगवद गीता स्कूल, संस्कृति मॉडल स्कूल थानेसर, राजकीय कन्या विद्यालय व नाथ पब्लिक स्कूल समेत कई संस्थाओं ने सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत स्थगित

**अंबाला।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, व सब डिविजन नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाना था। कुछ कारणों से यह लोक अदालत अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अगली नेशनल लोक अदालत की सूचना जल्द जारी की जाएगी ।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** राष्ट्रीय संसाधन एवं मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में 2024-25 शैक्षणिक सत्र की छात्रा सानिया के मेरिट में आने पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर राजपूताना के हेड मास्टर सुरेंद्र धीमान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस विशेष उपलब्धि के लिए छात्रा व उसके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीईओ सुधीर कालडा, बीईओ सुदेश बिंदल व सीआरसी हेड मंजू एवं अध्यापकों की मेहनत यह उपलब्धि हासिल हुई है।

### पाक की अकल ठिकाने आ जाएगी

**अंबाला।** भारत के आप्रेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य गोलाबारी बढ़ने पर ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल्द पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जो टकराव कर रहा है, हिंदुस्तान से टकराव करना क्या आसान है। हिंदुस्तान पाकिस्तान का वह हाल करेगा कि यह कभी सोच भी नहीं पाएगा। इन्होंने पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्टरियां खोल रखी है जिन्हें भेज कर यह हमारे निहत्थे लोगों को मरवाते हैं।

### कांसापुर में बेटियों का मनाया जन्मदिन

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव कांसापुर में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शुक्रवार को सीडीपीओ किरण बाला की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि गांव में लड़कियों की संख्या कम है। इस ज़माने में लड़की लड़कों से किसी भी प्रकार कम नहीं है इसलिए लड़का लड़की में कोई भेदभाव न करके लड़कियों को भी आगे बढ़ने का अवसर दें। कार्यक्रम कर दौरान केक काटकर लड़कियों का जन्म दिन मनाया गया।

### बराड़ाः भव्य समारोह आयोजित

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त सह-प्राध्यापक एवं वर्तमान में प्रबंधन समिति के सदस्य केपी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति निष्ठा को प्रेरणास्रोत बताया।

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी भूपेंद्र उर्फ सन्नी व राजबीर सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी शहनबाज ने 3 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि राजू ढाबा हमीदपुर के पास आरोपी ने जान से मारने का भय दिखाकर उससे एक बड़ी रकम लूट ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

सुरक्षा को लेकर रविवार तक बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

# हमले के इनपुट से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट ब्लैकआउट से दूसरे दिन भी रात रही अंधेरी

- इनवर्टर व जरनेटर ने जलने वाली सभी लाइटें 8 से 6 तक बंद रखें
- ड्रोन उड़ाए जाने पर पूरी तरह से पाबंदी, लोगों को डीसी ने घरों में ही रहने की दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच बने तनाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। एयरफोर्स स्टेशन होने की वजह से अब एजेंसियों की ओर से मिले इनपुट के बाद पूरे जिले में सुरक्षा बंदोबस्त पुख्ता कर दिए गए हैं। रात आठ से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट घोषित किया गया है। इस समय सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति रिहायशी या फिर व्यवसायिक भवनों के बाहर लगी लाइटों का इस्तेमाल नहीं करेगा। स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद रहेंगी। भवनों के भीतर इनवर्टर लाइट भी बंद रहेगी। डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि सीमा पर तनाव की वजह से सुरक्षा एजेंसियों को काफी इनपुट भी मिल रहे हैं। पड़ोसी मुल्क द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन, रॉकेट व गोलाबारी भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से अंबाला बेहद संवेदनशील है। यहां पूर्व में हुए युद्ध में भी तो दुश्मन द्वारा बमबारी की गई थी। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, सिविल डिफेंस, आर्मी, वायु सेना के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सभी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए प्रशासन के पुख्ता प्रबंध हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी आपदा के आने से वे घबराएं नहीं, संयम रखें। प्रशासन की ओर से आदेश भी जारी किए गए है कि रात 8 बजे से लेकर प्रातः 6 बजे तक ब्लैक आउट रहेगा। यह भी सुनिश्चित करें की लाईट की रोशनी बाहर न आए। आउटडोर, स्ट्रीट लाईट या जनरेटर पर कोई भी बाहर की लाइट न जलाएं। घर के अंदर यदि इनवर्टर से या जनरेटर से बिजली की आपूर्ति की जा रही है तो एतिहात के तौर पर दरवाजों व शीशों पर मोटे पर्दे लगाएं ताकि रोशनी बाहर न जा सकें। इसके साथ-साथ दुकानदारों व अन्य प्रतिष्ठानों पर उनकी दुकानों के बाहर जो बोर्ड, सीसीटीवी कैमरों में लाइटें लगी होती है वे जनरेटर या इनवर्टर से कनेक्ट होती हैं इसलिए यह सुनिश्चित रहें की वे भी न जलें।

### धारा 163 के तहत आदेश जारी

**अंबाला।** जिला मजिस्ट्रेट अजय सिंह तोमर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संभावित हवाई हमले के खतरे के संकेत को देखते हुए जिला में सार्वजनिक सुरक्षा और सामरिक हितों की रक्षा के लिए रात के समय पूर्ण ब्लैकआउट सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि धारा 163 के आधार पर प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में सूर्यास्त से सूर्योदय तक (अर्थात रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक) आउटडोर लाइटों, बिल बोर्ड, स्ट्रीट लाईटों आदि के लिए उपयोग किए जाने वाले इनवर्टर, जरनरेटर और किसी भी अन्य पॉवर बैकअप के उपयोग पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। रात्रि समय इनका उपयोग किसी भी आतंकवादी या फिर ड्रोन हमले को आमंत्रित करता है।हालांकि इनका उपयोग घर के अंदर भी किया जा सकता है, बशर्ते कि सभी दरवाजे और खिड़कियां मोटे परदे से पूरी तरह से ढके हुए हों। इस आदेश के उल्लघन का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर बीएनएसएस की धारा 223 के तहत कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। तोमर ने कहा कि किसी भी संभावित हवाई हमले को देखते हुए लोग सावधानी एवं एहतियात रखें। घर के अंदर रहे और बालकनी से दूर रहे। उन्होंने एहतियातन सभी शैक्षणिक संस्थान जैसे स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक 9 और 10 मई को बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### ड्रोन पर प्रतिबंध लगाया

उपायुक्त ने यह भी कहा कि ड्रोन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। ड्रोन ऑप्रेटरों को स्पष्ट किया गया कि वे ड्रोन न उड़ाए। यदि कोई नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले को नो फ्लाइंग ड्रोन घोषित किया हुआ हैं। उन्होंने विशेषकर महेशनगर, बलदेव नगर, धूलकोट के क्षेत्र के लोगों से ड्रोन गतिविधि पर नजर रखने का आग्रह किया कि । कहा कि यदि कोई ड्रोन उडा रहा है तो उसकी वीडियो और लोकेशन की सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस चौकी, थाने या पुलिस डायल 112 पर दें। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा प्रबंधों के तहत पहले 12 एयर सायरन क्रियान्वित थे। शाम तक 7 और नए एयर सायरन लगा दिए जाएंगे। यानि 19 सायरन क्रियान्वित होंगे। प्रशासन एयरफोर्स की हाटलाइन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि एयर सायरन बजने पर यदि कोई चालक गाड़ी चला रहा है तो वह उस समय गाड़ी साईड में पार्क कर ले। रात्रि के समय गाड़ी की भी हैड व अन्य लाइटें बंद कर लें। डीसी ने पत्रकारों को यह भी बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर एयर फोर्स द्वारा आपातकालीन आपदा होने की सूचना मिली थी। जिसके तुरन्त सायरन बज गए थे।

### किसी भी तरह की अफवाहों को फैलने न दें

15 मिनट के बाद स्थिति सामान्य हो गई थी। दोपहर के समय धमाका की आवाज होने के सवाल पर उपायुक्त ने कहा कि वायु सेना आधुनिक तकनीक से सशक्त है। वायु सेना द्वारा जो फाइटर जेट उड़ाए थे उनकी गति ध्वनि से भी तेज (सोनिक बूम) होती है। ये आवाज उनकी ही थी। किसी प्रकार का कोई धमाका नहीं हुआ है। उन्होंने मीडिया से भी अनुरोध किया कि वे किसी तरह की अफवाहों को फैलने न दें। जो सटीक व सही जानकारी है उसका ही प्रचार प्रसार करें।उन्होंने यह भी बताया कि वायुसेना द्वारा अलर्ट की सूचना थी उसके मद्देनजर तुरन्त स्कूलों व शिक्षण संस्थानों की छुट्टी कर दी गई थी। शनिवार को भी सभी सरकारी स्कूल के साथ-साथ निजी स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। रविवार को इस विषय की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद ही सोमवार को शिक्षण संस्थानों को खोलने पर कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि ब्लैक आउट के तहत बाहर कहीं लाइट न जले। उस पर नजर रखने के लिए अंबाला शहर, अंबाला छावनी, बराड़ा व नारायणगढ में वार्ड कमेटियां बनाई गई हैं। इनमें एक कमेटी में तीन सदस्य शामिल होंगे। इनमें निगम या नपा सदस्य , नगर निगम या नगर परिषद का कर्मचारी व स्कूल का मुखिया या अन्य शामिल होगा। कमेटी में शामिल सदस्यों द्वारा इस समय जो हिदायतें बरती जानी हैं। इस बारे वह लोगों से संपर्क करके जागरूक करेंगे।

---

# हर फौजी को दीजिए एक सलामः चित्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने जनता से एक अपील करते हुए कहा कि जब भी किसी फौजी भाई को देखें, उसे तहे-दिल से देश के नाम एक सलाम ज़रूर करें। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से लोगों तक यह बात पहुंचाई। सरवारा ने कहा कि जो लोग सरहदों पर खड़े होकर हमें महफूज़ रखते हैं, उनका हक़ है कि उन्हें आम जनता का खुला इज़्ज़त और मोहब्बत मिले। एक सैल्यूट ही तो है, जो हमारे दिल की क़द्रदानी का सबसे पाक तरीका हो सकता है। उन्होंने समाज के हर तबके से यह अपील की कि वर्दीधारी चाहे फौज में हों या किसी अन्य सुरक्षा बल में, जब भी सामने आएं, उन्हें सम्मान देना हमारी राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी है।



**अंबाला।** फौजियों को सलाम करती चित्रा सरवार।

उन्होंने इस मुहिम को 'सलाम-ए-वतन' करार दिया और कहा कि इससे फौजी भाइयों का हौसला बुलंद होगा और अवाम में देशभक्ति का जज़्बा और मज़बूत होगा।

# अदालतों में कामकाज ठप डीबीए ने रखा नो वर्क डे

- वकीलों ने गेट के समक्ष बैठकर वर्क सस्पेंड रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए शुक्रवार डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की ओर से नो वर्क डे रखा गया। इस दौरान कोई भी वकील अदालतों में पेश नहीं हुआ। जिला बार एसोसिएशन अंबाला के प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि एक आपात बैठक शुक्रवार सुबह 9 बजे बुलाई गई थी। बैठक वार जैसी स्थिति के गंभीर रूप से बढ़ने और वादियों, वकील, कर्मचारियों, आम जनता और उनके परिवारों आदि की सुरक्षा चिंताओं पर विचार करने व पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल की ओर से लिए गए निर्णय के अनुसार आयोजित की गई। बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को नो वर्क डे के रूप में मनाने का फैसला किया गया। वकीलों ने गेट के समक्ष बैठकर वर्क सस्पेंड रखा।

---

*माउंट कार्मल इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई*

# मिस्टर एमसीआई बने हरमन, निखिल को मिस्टर ईव का मिला खिताब

- 11वीं के छात्रों ने शानदार नृत्य मनोरंजक खेल, मधुर गीत और भावपूर्ण संगीत का मिश्रण प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा में शुक्रवार को 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय ने 2024- 25 के कक्षा 12वीं बैच को बड़े उत्साह के साथ विदाई दी। उन्हें नए जोश के साथ अगले आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। यह दिन दोस्तों और शिक्षकों के साथ बिताए गए वर्षों को याद करने और खुशी के पलों को याद करने के लिए समर्पित था। ऑडिटोरियम के अंदर कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण और समूह नृत्य के साथ हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति थी। कक्षा 11वीं के छात्रों ने शानदार नृत्य प्रदर्शन, मनोरंजक खेल, मधुर गीत और




**नारायणगढ़।** विदाई पार्टी में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

भावपूर्ण संगीत का मिश्रण प्रस्तुत किया सर्वोच्च परिषद के सदस्यों ने अपने गुरुओं और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाषण दिए, जिन्होंने इस यात्रा को यादगार बनाने में अमूल्य योगदान दिया था । हरमन को मिस्टर एमसीआई, निखिल को मिस्टर ईव और तनिश को मिस्टर पंक्चुअल का प्रतिष्ठित खिताब भी मिला। सम्माननीय प्रबंधन सदस्य जगदेव सिंह, ललित चानना, विनोद पाहवा और विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने और पूर्णता के स्तर को बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कक्षा 12 वीं के परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। आने वाले वर्षों में स्कूल के आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले सेवा' को आगे बढ़ाते हुए बाहरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ने की कामना की। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### शशि प्रभा गांधी के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**कुरुक्षेत्र।** मोहन नगर निवासी स्वर्गीय शशि प्रभा गांधी के नेत्रदान से 2 नेत्रहीनों को रोशनी मिलेगी। सामाजिक संस्था हम फाउंडेशन के प्रयास से नेत्रदान करवाया गया। स्वर्गीय श्रीमती शशि प्रभा गांधी के पुत्र सोरभ गांधी एवं पुत्रवधु धीरज गांधी ने बताया कि उनके परिवार की इच्छा थी कि उनकी माता की आंखें किसी नेत्रहीन के काम आए। इसी इच्छा के अनुसार ही आज उनका नेत्रदान करवाया गया। हम फाउंडेशन के संयोजक रामकिशन गुलाटी ने कहा कि हमारे देश में नेत्रों की जरूरतों के हिसाब से नेत्रदानी बहुत कम है। हमे नेत्रदान ना करने के अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए। हमारे इस दान से दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकती है। मृत्युपरांत शरीर मिट्टी बन जाता है लेकिन अगर ये किसी के काम आ जाए तो उससे अच्छा कार्य कोई नहीं है। स्वर्गीय शशि प्रभा के परिवारवालों को नेत्रदान करवाना बाकी समाज के लिए प्रेरणा है व अन्य लोगों को भी उनका अनुसरण करना चाहिए। संस्था का प्रयास है कि नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता आए। आज के नेत्रदान में समाजसेवी संतोष गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

---

*नपा अध्यक्ष बोले, हर गली-मोहल्ले में नियमित रूप से होगी फॉगिंग*

# अब मच्छर-मक्खी से परेशानी नहीं, फॉगिंग से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- फॉगिंग के दौरान नगरपालिका कर्मचारी गली-गली घूमे और दवा वाले धुएं का छिड़काव किया

क्षेत्र में बरसात और गर्मी के कारण मच्छरों और मक्खियों की भरमार हो गयी थी। जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। गंदगी और पानी जमा होने के कारण मच्छर-मक्खियाँ तेजी से फैल रही थीं। इससे डेंगु, मलेरिया, चिकनगुनिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ था। लोग अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे थे। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन को इस समस्या के बारे में बताया। नागरिकों की चिंता को देखते हुए नगरपालिका ने शुक्रवार को फॉगिंग अभियान शुरू किया। इसकी शुरुआत नगरपालिका कार्यालय से की गई।, इसके बाद बाजारों, मोहल्लों और मुख्य रास्तों पर फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया गया। फॉगिंग के दौरान नगरपालिका कर्मचारी गली-गली घूमे और दवा वाले धुंए का छिड़काव किया। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें और सफाई का ध्यान रखें। कूलर, पानी की टंकी और गमलों में जमा पानी को समय-समय पर खाली करने की सलाह दी गई ताकि मच्छर न पनपें।



### नागरिक स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन का साथ दें

हाल ही में हुई बारिश के कारण मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ गई थी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए हमने तुरंत फॉगिंग शुरू करवाई है। अब हर गली-मोहल्ले में नियमित फॉगिंग की जाएगी ताकि मच्छर और मक्खियों पर काबू पाया जा सके। सभी नागरिक स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन का साथ दें। रजत मलिक, अध्यक्ष, नगरपालिका, बराड़ा

---

**कार्यक्रम** डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

*स्कूल की रिटायर्ड शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में की हिस्सेदारी*

# छात्रों ने भावनात्मक प्रस्तुतियों से मां के त्याग समर्पण व प्रेम को उभार कर हर आंख कर दी नम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और भावनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मां के त्याग, समर्पण, प्रेम और जीवन में उसके अमूल्य स्थान को अत्यंत सुंदरता से दर्शाया गया। मंच पर प्रस्तुत कविताओं, भाषणों, गीतों, एकल व समूह नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह की आंखों को नम कर दिया। हर प्रस्तुति में मां के प्रति अपार श्रद्धा और संवेदना की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम की समस्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा तैयार की गईं। शिक्षिकाएं मनजीत कौर, आरती और दिनेश ने इन प्रस्तुतियों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने उनके मार्गदर्शन में ऐसा भावनात्मक वातावरण रचा कि सभागार की हर आंख नम और हर मन मां के स्मरण में अभिभूत हो




**अंबाला।** मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सेदारी करती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

उठा। एकल गीतों में पुलकित और सृजन द्वारा प्रस्तुत गीतों ने मां के बलिदान और निश्छल प्रेम को सुरों में पिरोकर ऐसा वातावरण बना दिया कि पूरा सभागार कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध रह गया। कक्षा पांच की छात्रा दिशिता द्वारा प्रस्तुत कविता ने अपनी कोमल संवेदनाओं और भाव-प्रवण वाचन से श्रोताओं के हृदय को गहराई से छू लिया। साथ ही, एक सुंदर समूह गीत में यह संदेश दिया गया कि "मां के लिए हर दिन विशेष है न कि केवल एक दिन" यह गीत सभी के मन को गहराई से छू गया और सबसे ज़्यादा सराहना प्राप्त करने वालों में शामिल रहा। समूह नृत्य की सुंदर और सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए।

इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों के लिए गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी मम्मियों के लिए खूबसूरत उपहारों को अत्यंत रचनात्मकता से सजाया। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए "वायरलेस फ़ूड फ़िएस्टा" नामक एक विशेष प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बिना गैस, चूल्हे या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्वादिष्ट और पोषक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। बच्चों की रचनात्मकता, पोषण संबंधी जानकारी और प्रस्तुति देखकर सभी अतिथि भावविभोर हो उठे। गतिविधि प्रभारी कक्षा 3 से 5 के लिए मंजू सचदेवा थी जिन्होंने कहा "मां वह शक्ति है जो बिना कहे सब समझ जाती है। बच्चों की प्रस्तुतियों में मां के प्रति जो भावनाएं थीं, वे अवर्णनीय थी।

### मां का स्थान इस सृष्टि में सर्वोच्च

कक्षा 6 से 12 के लिए गतिविधि प्रभारी गौरी वंदना ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा "बच्चों ने जिस आत्मीयता और उल्लास से भाग लिया, वह यह दर्शाता है कि मां के प्रति उनका प्रेम और सम्मान कितना गहरा है। मुख्य अतिथियों के रूप में विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिकाएं हरभजन कौर, सुनीता कपूर, प्रभा सैनी एवं शमा शर्मा उपस्थित रही। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की।

### केयू हॉस्टल में छात्रों को मिली ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा मिल चुकी है जिससे विद्यार्थियों को स्वयं कपडे धोने या बाहर से कपड़े धुलवाने की उनकी समस्या का निदान मिला है। इस सुविधा के शुरू होने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विवि ने विद्यार्थियों के हित में सदैव सकारात्मक निर्णय लिए हैं। इसी कड़ी में केयू एलुमनी एसोसिएशन व हायर स्मार्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ हुए समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय के पुरुष एवं महिला छात्रावासों में रह रहे छात्र-छात्राओं के लिए ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा शुरू हो चुकी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005